उदय प्रताप कॉलेज वाराणसी के एनसीसी, एनएसएस, रोवर्स -रेंजर्स के छात्र-छात्राओं द्वारा तथा भारत विकास परिषद्, शिवा शाखा द्वारा आयोजित वन महोत्सव कार्यक्रम में राजर्षी की बगिया में 251 फूल वाले पौधे रोपे गए*

कार्यक्रम के शुभारंभ में गंगा हरीतिमा के ब्रांड एंबेसडर अनिल सिंह ने सभी लोगों को वृक्षारोपण की शपथ दिलाई तथा सभी को अपने जन्मदिन पर एक एक पौधे रोपित करने के लिए जागरूक किए।

*काशी प्रांत के पर्यावरण प्रकल्प प्रमुख मदन राम चौरसिया रिटा. फॉरेस्ट ऑफिसर ने बताया कि वन महोत्सव देश के सभी लोगों में वृक्षों के प्रति चेतना पैदा करता है। यह देश में हरियाली लाने की दिशा में एक अंतहीन आंदोलन का प्रतीक है। पृथ्वी के हरित पर्यावरण की जीवंतता , विविधता, और प्राकृतिक सौंदर्य एक पवित्र धरोहर है। इसे संरक्षित एवं संवर्धित करने का सभी लोगों ने संकल्प लिया*। इस कॉलेज का पूर्व छात्र होने के कारण इन्होंने प्रिंसिपल कक्ष के सामने दो लॉन, केमिस्ट्री व बॉटनी डिपार्टमेंट के लॉन, न्यू हॉस्टल के लॉन, मैनेजमेंट बिल्डिंग के बड़े लॉन, व शिव मंदिर के लॉन में दुनिया के खूबसूरत फूल वाले वृक्षों की लैंडस्कैपिंग करके पौधरोपण कराया। मुख्य अतिथि संजीव कुमार सिंह डीएफओ वाराणसी ने राज्य वृक्ष सीता और प्रिंसिपल डॉ डी.के.सिंह ने प्राइड ऑफ इंडिया पौधे का रोपण किया। भारत विकास परिषद के रीजनल महासचिव नवीन श्रीवास्तव ने स्पैथोडिया के पौधे, रीजनल सचिव प्रमोद त्रिपाठी ने शिव मंदिर में नागलिंगम के पौधे रोपित किए।काशी प्रांत के अध्यक्ष प्रवीण कुमार पटेल ने स्वर्ण चंपा के पौधे और सचिव रवि प्रकाश ने लाल सावनी के पौधे रोपित किए । मदन राम चौरसिया ने केमिस्ट्री डिपार्टमेंट के लॉन में सफेद मैगनोलिया व लाल प्लूमेरिया , शिवा शाखा के अध्यक्ष मोहन रौनियार ने टबेबिया, सचिव अखिलेश तिवारी ने अफ्रीकन ट्यूलिप ट्री, कोषाध्यक्ष कौशल शर्मा ने सीता अशोक के पौधे रोपित किए। गंगा हरीतिमा के ब्रांड एंबेसडर अनिल सिंह ने पिंक प्लूमेरिया के पौधे तथा कालिका सिंह रिटा. क्षेत्रीय निदेशक ने अफ्रीकन ट्यूलिप ट्री के पौधे रोपित किए। केमिस्ट्री डिपार्टमेंट के हेड ने अफ्रीकन टयूलिप ट्री , बॉटनी डिपार्टमेंट के हेड ने हेलीकोनिया , बर्ड ऑफ पैराडाइज, कृषि विभाग के हेड ने टबेबिया रोजीया के पौधे तथा प्रोफेसर सुधीर शाही ने रेड एक्सोरा के पौधे रोपित किए। वृक्षारोपण कार्यक्रम में उपस्थित उदय प्रताप महाविद्यालय के प्रोफेसर, अध्यापक गण, छात्र-छात्राएं, एनएसएस व एनसीसी के कैडेट, 95 बटालियन सीआरपीएफ 95 के कमांडेंट, पीआरओ प्रवीण कुमार व सुरक्षा बल , एनडीआरएफ फोर्स के कमांडेंट व सुरक्षा बल, गंगा टास्क फोर्स के कमांडेंट व फोर्स तथा भारत विकास परिषद, शिवा के प्रदीप चौरसिया अखिलेश तिवारी सचिव, आर सी श्रीवास्तव सभी पदाधिकारी व सदस्यगण , काशी प्रांत के पदाधिकारी, रीजनल सचिव, महासचिव आदि लोगों ने मिलकर *पिंक ,पर्पल, व रेड सावनी, टिकोमा रेड एक्जोरा,स्वर्ण चंपा, प्राइड ऑफ इंडिया, नागालिंगम ,रुद्राक्ष, बेल, अपराजिता, ट्रंपेट वाइन, बिगोनिया वेनुसटा, क्लेरोडेंडन स्कैंडेंस* आदि प्रजातियों के 251 पौधे रोपित किये।

प्राचार्य डॉ डी.के. सिंह ने राजर्षि जी की बगिया को हरियाली एवं फूल वाले पौधों से आच्छादित करने के लिए छात्र-छात्राओं को जागरुक किए।

*मदन राम चौरसिया ने जानकारी दिया कि नासा की रिपोर्ट के अनुसार एक व्यक्ति प्रति दिन 14 किलो.कुल सांस लेने वाली हवा में 0.84 किलो. शुद्ध ऑक्सीजन ग्रहण करता है। इस प्रकार 306 किलो. प्रतिवर्ष ऑक्सीजन लेता है । एक वृक्ष

प्रतिवर्ष 118 किलो. शुद्ध ऑक्सीजन छोड़ता है। इस प्रकार एक मनुष्य को आजीवन शुद्ध ऑक्सीजन ग्रहण करने के लिए दो प्रौढ़ वृक्ष की आवश्यकता होगी।*

*भगवान बुद्ध ने भी अपने सारनाथ के प्रथम उपदेश में प्रत्येक मनुष्य को पांच साल में कम से कम एक वृक्ष लगाने का संदेश दिया था।*

*वाराणसी में वायु प्रदूषण का मुख्य कारण 92% रोड डस्ट है। शहर के चौड़े मार्गों के किनारे डस्ट कैपचरिंग व वायु प्रदूषण को अवशोषित करने वाले वृक्ष नीम, पीपल ,बरगद , कंजी, अर्जुन ,बांस, अशोक, पलाश, शीशम, बीजासाल, जामुन ,बेल, महुआ, इमली, मौलश्री आदि पौधों का रोपण करना चाहिए। वाराणसी के प्रसिद्ध पर्यटक स्थलों, व संपर्क मार्गो, डिवाइडर पर, शिक्षण संस्थानों के लॉनो, शहर के पार्कों में आर्नामेंटल पौधे टबेबिया, स्पैथोडिया, रेड व पिंक प्लूमेरिया, रेड पिंक पर्पल सावनी, रेड एक्सोरा, टेकोमा, स्वर्ण चंपा, पिंक व रेड एजेलीया, प्राइड ऑफ इंडिया, सीता अशोक, आदि पौधों का रोपण करना चाहिए*।

*सघन शहर में प्रत्येक नागरिकों को अपने मकान की बाउंड्री वाल व बाहरी दीवाल पर *वर्टिकल गार्डेनिंग सिस्टम विकसित कर डस्ट प्रदूषण अवशोषित करने वाले क्रीपर पौधों का रोपण करना चाहिए*



25.355038; 82.975182 SW 3
110, Sindhora Rd, Narayanpur, Varanasi, Uttar
Pradesh 221003, India




NCC


NCC




25.355154; 82.975128 NE 6
110, Sindhora Rd, Narayanpur, Varanasi, Uttar
Pradesh 221003, India




25.355158; 82.975014 SE 25
110, Sindhora Rd, Narayanpur, Varanasi, Uttar
Pradesh 221003, India


25.355154; 82.975067 SW 17
110, Sindhora Rd, Narayanpur, Varanasi, Uttar Pradesh 221003, India


निक भवन
वन महोत्सव
UDAI PRATAP COLLEGE, VARANAS
25.355341; 82.975304 SW 5
Bhojuveer Sabji Mandi Maa Sharda Katra
Narayanpur, 9X4G+36Q, Narayanpur, Varanasi,
Uttar Pradesh 221003, India


पेड़ लगाने का लो संकल्प
प्रकृति को बचाने का यही है विकल्प
आओ इस
25.355034; 82.975227 SW 19
110, Sindhora Rd, Narayanpur, Varanasi, Uttar
Pradesh 221003, India


पेड़ लगाने का लो संकल्प
प्रकृति को बचाने का यही है विकल्प
आओ इस
वन महोत्सव
के अवसर पर
हम सब प्रकृति को बचाने में
अपना योगदान दें।
UDAI PRATAP COLLEGE, VARANASI
G20
25.355167; 82.975113 NW 82
110, Sindhora Rd, Narayanpur, Varanasi, Uttar Pradesh 221003, India


वन महोत्सव
UDAI PRATAP COLLEGE VARANASI
G20
25.355190; 82.975159 SW 64
110, Sindhora Rd, Narayanpur, Varanasi, Uttar
Pradesh 221003, India


NCC